कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर –02

पत्रांकः1901 /शैक्षिक/पी0जी0/पंजीयन/2021 दिनांकः 05/02/2021

:: आवश्यक सूचना ::

विश्वविद्यालय के एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठयक्रम में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं (प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर) को अपना पंजीयन एवं विश्वविद्यालय शिक्षण शुल्क जमा करने हेतु पूर्व में सूचित किया गया था, के क्रम में ऐसे छात्र / छात्राओं को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए सम सेमेस्टर का पंजीयन एवं अवशेष शिक्षण शुल्क को विश्वविद्यालय कोष में जमा करने की तिथि **दिनांक 08.02.2021 से 10.02.2021 तक** जमा करना सुनिशित करें। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसे छात्र/छात्रा जिनके द्वारा पंजीयन और शिक्षण शुल्क की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गयी है, वे छात्र/छात्रा को शिक्षण शुल्क के साथ विलम्ब शुल्क (रू0 1000/–) भी देय होगा। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि एम0सी0ए0/एम0टेक0/पी0एच0डी0 के ऐसे छात्र/छात्रा जिन्होनें शैक्षिक सत्र 2020–21 के विषम सेमेस्टर में विश्वविद्यालय शिक्षण शुल्क की पूर्ण धनराशि जमा की जा चुकी है परन्तु सम सेमेस्टर में पंजीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गई है, को कोई भी विलम्ब शुल्क देय न होगा।

उक्त उपरान्त भी यदि छात्र/छात्रा निर्धारित तिथि तक पंजीयन एवं शिक्षण शुल्क जमा नहीं करता है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा। यहाँ यह भी इंगित किया जाता है कि जो छात्र/छात्रा अपने पंजीयन सम्बन्धी कार्यवाही समयानुसार पूर्ण नहीं करते हैं, **वे छात्र / छात्रा अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप को ई–मेल (daa@hbtu.ac.in) के माध्यम से वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे के अनुमति के उपरान्त पंजीयन की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।**

अतएव उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप